Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | | |
|---|---|---|---|
| **A1** | ಅರ್ಹತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ – 2025<br>ಪತ್ರಿಕೆ – 2<br>ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳು : 100<br>ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 200<br>ವಿಷಯ : ಹಿಂದಿ<br>ವಿಷಯದ ಕೋಡ್ : 09 | ಕ್ರಮ ಸಂಖ್ಯೆ : | |
| ವರ್ಷನ್ ಕೋಡ್ | ನಿಮ್ಮ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ನಮೂದಿಸಿ | ಪತ್ರಿಕೆ ಸಂಕೇತ | **HIN21125A** |

## ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಸೂಚನೆಗಳು

**ಮಾಡಿ:**

1. ಕೊಠಡಿ ಮೇಲ್ವಿಚಾರಕರು ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ನಿಮಗೆ ಬೆ. **9.55** ಕ್ಕೆ ಕೊಡುತ್ತಾರೆ.
2. ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಬರೆದು ಅದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ವೃತ್ತಗಳನ್ನು ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ ತುಂಬಿದ್ದೀರೆಂದು ಖಾತ್ರಿಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳತಕ್ಕದ್ದು.
3. ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯ ವರ್ಷನ್ ಕೋಡ್ ಅನ್ನು ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಬರೆದು ಅದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ವೃತ್ತಗಳನ್ನು ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ ತುಂಬಬೇಕು.
4. ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯ ವರ್ಷನ್ ಕೋಡ್ ಮತ್ತು ಕ್ರಮಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ನಾಮಿನಲ್ ರೋಲ್‌ನಲ್ಲಿ ತಪ್ಪಿಲ್ಲದೆ ಬರೆಯಬೇಕು.
5. ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯ ಕೆಳಭಾಗದ ನಿಗದಿತ ಜಾಗದಲ್ಲಿ ಕಡ್ಡಾಯವಾಗಿ ಸಹಿ ಮಾಡಬೇಕು.

**ಮಾಡಬೇಡಿ:**

- ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಮುದ್ರಿತವಾಗಿರುವ **ಟೈಮಿಂಗ್ & ಮಾರ್ಕನ್ನು** ತಿದ್ದಬಾರದು / ಹಾಳುಮಾಡಬಾರದು / ಅಳಿಸಬಾರದು.

## ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಪ್ರಮುಖ ಸೂಚನೆಗಳು

1. ಪ್ರಶ್ನೆಗಳಲ್ಲಿ ಬಳಸಿರುವ **signs and symbols** ಗಳನ್ನು, ಬೇರೆ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ ಹೇಳದ ಹೊರತು, ನಿಗದಿತ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕದಲ್ಲಿನ ಅರ್ಥವನ್ನು ಪರಿಗಣಿಸಬೇಕು.
2. ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಒಟ್ಟು **100** ಪ್ರಶ್ನೆಗಳಿದ್ದು, ಪ್ರತಿ ಪ್ರಶ್ನೆಗೂ 4 ಬಹು ಆಯ್ಕೆ ಉತ್ತರಗಳು ಇರುತ್ತವೆ. ಪ್ರತಿ ಪ್ರಶ್ನೆಯ ಕೆಳಗೆ ಕೊಟ್ಟಿರುವ ನಾಲ್ಕು ಬಹು ಆಯ್ಕೆಯ ಉತ್ತರಗಳಲ್ಲಿ ಸರಿಯಾದ ಒಂದು ಉತ್ತರವನ್ನು ಆಯ್ಕೆ ಮಾಡಿ.
3. ಬೆಳಿಗ್ಗೆ **10.00** ಗಂಟೆಗೆ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯ ಬಲಭಾಗದಲ್ಲಿರುವ ಸೀಲ್ ತೆಗೆದು ಈ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ಪುಟಗಳು ಮುದ್ರಿತವಾಗಿಲ್ಲದೇ ಇರುವುದು ಕಂಡು ಬಂದಲ್ಲಿ ಅಥವಾ ಹರಿದು ಹೋಗಿದ್ದಲ್ಲಿ ಅಥವಾ ಯಾವುದೇ ಅಕ್ಷರಗಳು ಬಿಟ್ಟುಹೋಗಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪರೀಕ್ಷೆ ಪ್ರಾರಂಭವಾದ 5 ನಿಮಿಷಗಳೊಳಗೆ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಬದಲಾಯಿಸಿಕೊಳ್ಳುವುದು. ನಂತರ ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಉತ್ತರಿಸಲು ಪ್ರಾರಂಭಿಸುವುದು.
4. ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿನ ಪ್ರಶ್ನೆಗೆ ಅನುಗುಣವಾಗಿರುವ ಸರಿ ಉತ್ತರವನ್ನು ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಅದೇ ಕ್ರಮ ಸಂಖ್ಯೆಯ ಮುಂದೆ ನೀಡಿರುವ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ವೃತ್ತವನ್ನು ನೀಲಿ ಅಥವಾ ಕಪ್ಪು ಬಾಲ್ ಪಾಯಿಂಟ್ ಪೆನ್‌ನಿಂದ ಸಂಪೂರ್ಣ ತುಂಬುವುದು.

| ಸರಿಯಾದ ಕ್ರಮ CORRECT METHOD | | | | ತಪ್ಪು ಕ್ರಮಗಳು WRONG METHODS | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ⊗ | ② | ③ | ④ | ① | ② | ③ | ④̸ | ① | ● | ● | ④ |
| ① | ● | ③ | ④ | ◐ | ② | ③ | ④ | ① | ◉ | ③ | ④ | ① | ② | ③ | ④ |

5. ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಸ್ಕ್ಯಾನ್ ಮಾಡುವ ಸ್ಕ್ಯಾನರ್ ಬಹಳ ಸೂಕ್ಷ್ಮವಾಗಿದ್ದು ಸಣ್ಣ ಗುರುತನ್ನು ಸಹ ದಾಖಲಿಸುತ್ತದೆ. ಆದ್ದರಿಂದ ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಉತ್ತರಿಸುವಾಗ ಎಚ್ಚರಿಕೆ ವಹಿಸಿ.
6. ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಕೊಟ್ಟಿರುವ ಖಾಲಿ ಜಾಗವನ್ನು ಕಚ್ಚಾ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಉಪಯೋಗಿಸಿ. ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಇದಕ್ಕೆ ಉಪಯೋಗಿಸಬೇಡಿ.
7. **ಮ. 1.00 ಗಂಟೆಗೆ ಕೊನೆಯ ಬೆಲ್ ಆದ ನಂತರ ಉತ್ತರಿಸುವುದನ್ನು ನಿಲ್ಲಿಸಿ, ಓ.ಎಂ.ಆರ್. ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಕೊಠಡಿ ಮೇಲ್ವಿಚಾರಕರಿಗೆ ಯಥಾಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ ನೀಡಿರಿ.**
8. ಕೊಠಡಿ ಮೇಲ್ವಿಚಾರಕರು ಮೇಲ್ಭಾಗದ ಹಾಳೆಯನ್ನು ಪ್ರತ್ಯೇಕಿಸಿ (ಕಚೇರಿ ಪ್ರತಿ) ತಮ್ಮ ವಶದಲ್ಲಿಟ್ಟುಕೊಂಡು ಹಿಂಬದಿಯ ಯಥಾಪ್ರತಿಯನ್ನು (ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ಪ್ರತಿ) ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಕೊಡುತ್ತಾರೆ.
9. ಎಲ್ಲಾ ಪ್ರಶ್ನೆಗಳಿಗೆ ಸಮಾನ ಅಂಕಗಳಿರುತ್ತದೆ.
10. **ಋಣಾತ್ಮಕ ಮೌಲ್ಯಮಾಪನವಿರುವುದಿಲ್ಲ.**
11. ಯಾವುದೇ ರೀತಿಯ ಮೊಬೈಲ್ ಫೋನ್, ಕ್ಯಾಲ್ಕ್ಯುಲೇಟರ್ ಮತ್ತು ಇತರೆ ರೀತಿಯ ಎಲೆಕ್ಟ್ರಾನಿಕ್/ಕಮ್ಯುನಿಕೇಷನ್ ಸಾಧನಗಳು ಇತ್ಯಾದಿಗಳನ್ನು ಪರೀಕ್ಷಾ ಕೇಂದ್ರದ ಆವರಣದೊಳಗೆ ತರುವುದನ್ನು ನಿಷೇಧಿಸಿದೆ.

www.prepp.in

DO NOT WRITE HERE

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

| A1 | ELIGIBILITY EXAMINATION-2025<br>PAPER-2<br>Total Number of Questions : 100<br>Maximum Marks : 200<br>Subject : HINDI<br>Subject Code: 09 | Serial Number : |
|---|---|---|
| VERSION CODE | MENTION YOUR REGISTER NUMBER | Paper Code: HIN21125A |

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

A1

**DOs:**

1. This question booklet is issued to you at **9.55 AM** by the room invigilator.
2. Check whether the Register Number has been entered and shaded in the respective circles on the OMR answer sheet.
3. The version code of this question booklet should be entered on the OMR answer sheet and the respective circles should also be shaded completely.
4. The Version Code and Serial Number of this question booklet should also be entered on the Nominal Roll without any mistakes.
5. Compulsorily sign at the bottom portion of the OMR answer sheet in the space provided.

**DON'Ts:**

- **THE TIMING AND MARKS PRINTED ON THE OMR ANSWER SHEET SHOULD NOT BE DAMAGED / MUTILATED / SPOILED.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. In case of usage of **signs and symbols** in the questions, the regular textbook connotation should be considered unless stated otherwise.
2. This question booklet contains **100** questions and each question will have one statement and four different options / responses & out of which you have to choose one correct answer.
3. **After 10.00 AM,** remove the paper seal of this question booklet and check that this booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items etc., if so, get it replaced by a complete test booklet within 5 minutes of the commencement of exam. Read each item and start answering on the OMR answer sheet.
4. Completely **darken / shade** the relevant circle with a **blue or black ink ballpoint pen against the question number on the OMR answer sheet.**

| ಸರಿಯಾದ ಕ್ರಮ CORRECT METHOD | | | | ತಪ್ಪು ಕ್ರಮಗಳು WRONG METHODS | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ⊗ | ② | ③ | ④ | ① | ② | ③ | ④ | ① | ● | ● | ④ |
| ① | ● | ③ | ④ | ● | ② | ③ | ④ | ① | ◉ | ③ | ④ | ① | ② | ③ | ④ |

5. Please note that even a minute unintended ink dot on the OMR answer sheet will also be recognized and recorded by the scanner. Therefore, avoid multiple markings of any kind on the OMR answer sheet.
6. Use the space provided on each page of the question booklet for rough work. Do not use the OMR answer sheet for the same.
7. **Once the last Bell rings at 1.00 PM**, stop writing on the OMR answer sheet and hand over the **OMR answer sheet** to the room invigilator as it is.
8. After separating the top sheet (Office copy), the invigilator will return the bottom sheet replica (Candidate's copy) to you.
9. All questions carry equal marks.
10. **There will be no negative marking.**
11. Use of Mobile Phones, Calculators and other Electronic/Communication gadgets of any kind is prohibited inside the Examination venue.

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा काल की समयावधि ?

   (1) 1500 ई.पू. से 800 ई.पू.

   (2) 1500 ई.पू. से 500 ई.पू.

   (3) 500 ई.पू. से 1000 ई.पू.

   (4) 1000 ई.पू. से वर्तमान समय तक

2. मेरठ, मुज़फ्फरनगर, मुरादाबाद, बिजनौर किस बोली का केन्द्र बिन्दु है ?

   (1) कनौजी
   (2) रवडीबोली
   (3) मगही
   (4) मालवी

3. निम्न में से कौन सी पहाड़ी बोली नहीं है ?

   (1) कुमाऊँनी
   (2) नेपाली
   (3) गढ़वाली
   (4) मगही

4. हिन्दी की पूर्वी उपभाषा से संबद्ध बोली ?

   (1) मैथिली
   (2) बुंदेली
   (3) बघेली
   (4) मालवी

5. निम्नलिखित **सूची–I** और **सूची–II** को सुमेलित कीजिए –

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| a) अनुच्छेद – 343 | i) उच्च न्यायालय में भाषा संबंधी आदेश |
| b) अनुच्छेद – 344 | ii) अल्पसंख्यक बच्चों की प्राथमिक शिक्षा संबंधी विषय पारित |
| c) अनुच्छेद – 348 | iii) राष्ट्रपति द्वारा राजभाषा आयोग का गठन |
| d) अनुच्छेद – 350 | iv) अंग्रेजी भाषा का प्रयोग 15 वर्षों तक |

   कूट :

   **(1) a – iii, b – i, c – iv, d – ii**

   **(2) a – iv, b – iii, c – i, d – ii**

   **(3) a – iv, b – i, c – ii, d – iii**

   **(4) a – iii, b – iv, c – i, d – ii**

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. निम्नलिखित व्यंजन ध्वनियों को उनके उच्चारण स्थान के साथ सुमेलित कीजिए –

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a) च | i) तालव्य् |
| b) प | ii) मूर्धन्य |
| c) क | iii) ओष्ठय् |
| d) ट | iv) कंठय् |
| | v) उष्म |

कूट :

(1) a – i, b – iii, c – iv, d – ii

(2) a – ii, b – iv, c – v, d – iii

(3) a – i, b – ii, c – iii, d – v

(4) a – ii, b – v, c – iv, d – iii

7. जिन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से कम मात्रा में श्वास निकलती है उन्हें क्या कहा जाता है ?

(1) अघोष
(2) सघोष
(3) अल्प प्राण
(4) महाप्राण

8. निम्नलिखित भाषाओं का सही कालक्रम लिखिए–

(1) पालि, संस्कृत, अपभ्रंश, प्राकृत

(2) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, संस्कृत

(3) अपभ्रंश, प्राकृत, पालि, संस्कृत

(4) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

9. स्थापना **(Assertion) (A) :** शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित ब्रजभाषा मध्यकालीन हिन्दी साहित्य की प्रमुख काव्य भाषा रही है।

तर्क **(Reason) (R) :** क्योंकि शौरसेनी मूलतः नाट्य् भाषा रही थी।

(1) (A) और (R) दोनों सही
(2) (A) और (R) दोनों गलत
(3) (A) सही (R) गलत
(4) (A) गलत (R) सही

10. गार्सा द तासी द्वारा लिखित हिंदी साहित्य के इतिहास ग्रंथ के दो भागों का प्रकाशन वर्ष हैं –

(1) 1813 - 1827
(2) 1839 - 1847
(3) 1823 - 1837
(4) 1828 - 1838

11. 'मिश्रबंधु विनोद' कितने भागों में विभक्त है?

(1) तीन
(2) दो
(3) चार
(4) पाँच

12. "यों भक्ति सामाजिक संदर्भों में विदेशी आक्रमण के प्रतिक्रिया है तो रचनाकार के आंतरिक संदर्भ में वह अहं के विस्फोट से बचाव की प्रक्रिया है।" यह किसका कथन है?

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(2) रामचन्द्र शुक्ल
(3) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(4) रामकुमार वर्मा

13. 'अल्हा खंड' नाम से कौन-सा काव्य जाना जाता है?

(1) परमाल रासो
(2) खुमान रासो
(3) हम्मीर रासो
(4) विजयपाल रासो

14. छायावाद के संदर्भ में सही तथ्य हैं-

a) प्रणयानुभूति की अभिव्यक्ति !
b) स्वानुभूति की प्रधानता !
c) वर्णनात्मकता और प्यूलता !
d) कल्पना की प्रमुखता !

(1) केवल a और b सही
(2) केवल a, b और c सही
(3) केवल b, c और d सही
(4) केवल a, b और d सही

15. प्रगतिवाद के संदर्भ में सही तथ्य हैं-

a) सामाजिक यथार्थ को सौंदर्य की बुनियाद नहीं मानता!
b) व्यक्तिवादी, रूमानी भावचेतना को छोड़ देना!
c) एक ठोस जीवन-दृष्टि को स्वीकार करना !
d) अनुभव और दृष्टि अलगाव का खतरा !

(1) केवल a और b सही
(2) केवल a, b और c सही
(3) केवल b, c और d सही
(4) a, b, c और d सही

16. 'रामचरितमानस' के कांडों का सही क्रम है -

(1) बालकांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, किष्किंधा कांड
(2) बालकांड, अयोध्या कांड, किष्किंधा कांड, अरण्य कांड
(3) बालकांड, किष्किंधा कांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड
(4) बालकांड, अरण्य कांड, किष्किंधा कांड, अयोध्या कांड

Prepp
Your Personal Exams Guide

17. प्रकाशन वर्ष के अनुसार श्रीलाल शुक्ल के उपन्यासों का सही अनुक्रम है –

(1) सूनी घाटी का सूरज, सीमाएँ टूटती हैं, अज्ञातवास, मकान

(2) सूनी घाटी का सूरज, अज्ञातवास, सीमाएँ टूटती हैं, मकान

(3) अज्ञातवास, सूनी घाटी का सूरज, मकान, सीमाएँ टूटती हैं

(4) अज्ञातवास, मकान, सूनी घाटी का सूरज, सीमाएँ टूटती हैं

18. सुमेलित कीजिए –

| सूची–I | सूची–II |
| --- | --- |
| a) सुमन राजे | i) हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास |
| b) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र | ii) हिंदी साहित्य का आधा इतिहास |
| c) बच्चन सिंह | iii) हिंदी साहित्य का अतीत |
| d) रामस्वरूप चतुर्वेदी | iv) आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास |

(1) a – ii, b – iii, c – i, d – iv

(2) a – ii, b – iii, c – iv, d – i

(3) a – iii, b – ii, c – iv, d – i

(4) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

19. आदिकाल के लिए विभिन्न विद्वानों द्वारा दिये गये नामों के साथ सुमेलित कीजिए –

| सूची–I | सूची–II |
| --- | --- |
| a) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र | i) प्रारंभिक काल |
| b) मिश्रबंधु | ii) वीरकाल |
| c) राहुल सांकृत्यायन | iii) आदिकाल |
| d) हजारीप्रसाद द्विवेदी | iv) सिद्ध सामंत काल |

(1) a – ii, b – i, c – iv, d – iii

(2) a – ii, b – i, c – iii, d – iv

(3) a – iv, b – i, c – iii, d – ii

(4) a – iv, b – i, c – ii, d – iii

20. 'पगली हाँ संभाल ले, कैसे छूट गया तेरा अंचल ।
देख बिखरती है मणिराजी, अरी उठा बेसुध अंचल' ॥

..... इस पद में कौनसी लक्षणा शब्द शक्ति है ?

(1) साध्यवसाना लक्षणा

(2) सारोपा लक्षणा

(3) लक्षण लक्षणा

(4) उपादान लक्षणा

21. 'त्याग-बलिदान, प्रेम और देशभक्ति का अनोखा संगम' किस कहानी में हुआ है -

(1) तीसरी कसम (2) उसने कहा था
(3) आकाश दीप (4) कोसी का घटवार

22. निम्नलिखित ग्रंथ और ग्रंथकारों का सुमेलन कीजिए ।

| ग्रंथ | ग्रंथकार |
|---|---|
| a) नवरस | i) रामचंद्र शुक्ल |
| b) रसविमर्श | ii) बाबू गुलाबराय |
| c) रस मीमांसा | iii) डॉ. नगेन्द्र |
| d) रस सिद्धान्त | iv) डा. राममूर्ति त्रिपाठी |

(1) **a – iv, b – i, c – iii, d – ii** (2) **a – iii, b – iv, c – ii, d – i**
(3) **a – i, b – ii, c – iv, d – iii** (4) **a – ii, b – iv, c – i, d – iii**

23. 'रसगंगाधर' किस आचार्य का ग्रंथ है ?

(1) मम्मट (2) पंडितराज जगन्नाथ
(3) भरत मुनि (4) विश्वनाथ

24. कृति और कृतिकारों का सुमेलन कीजिए -

| | |
|---|---|
| a) साहित्य दर्पण | i) जयदेव |
| b) चन्द्रालोक | ii) विश्वनाथ |
| c) काव्यालंकार | iii) मम्मट |
| d) काव्य प्रकाश | iv) भामह |

(1) **a – ii, b – i, c – iv, d – iii** (2) **a – i, b – ii, c – iii, d – iv**
(3) **a – iv, b – iii, c – ii, d – i** (4) **a – iii, b – iv, c – ii, d – i**

25. 'मेरे विचार से जो आवेग, उन्माद, उत्साह एवं उद्दामता से फूट पड़ता है और एक प्रकार से वक्ता के शब्दों को विक्षेप से परिपूर्ण कर देता है' - यह किस का कथन है ?

(1) अरस्तू (2) टी.एस. इलियट
(3) लोंजाइनस (4) आई.ए.रिचड्स

26. स्थापना (**Assertion**) (**A**) : विभिन्न प्रकार के अविष्कारों एवं सिद्धांतों के प्रचलन के कारण मानव-जीवन पर वैज्ञानिकता और सामाजिकता का प्रभाव अधिक बढ़ने लगा ।

तर्क (**Reason**) (**R**) : क्योंकि व्यक्ति की वैयक्तिकता एवं स्वतंत्रता उपेक्षित होने लगी थी।

(1) (**A**) सही (**R**) सही (2) (**A**) सही (**R**) गलत
(3) (**A**) गलत (**R**) सही (4) (**A**) गलत (**R**) गलत

27. प्रकाशन वर्ष के आधार पर निम्नलिखित ग्रंथों का सही क्रम है।

(1) साइन्स अण्ड पोइट्री, दि वेस्ट लैंण्ड, दि मेकिंग आफ लिटरेचर, दि आर्ट आफ क्रिटिसिस्म

(2) दि वेस्ट लैंण्ड, साइन्स अण्ड पोइट्री, दि मेकिंग आफ लिटरेचर, दि आर्ट आफ क्रिटिसिस्म

(3) दि मेकिंग आफ लिटरेचर, दि आर्ट आफ क्रिटिसिस्म, दि वेस्ट लैंण्ड, साइन्स अण्ड पोइट्री

(4) दि आर्ट आफ क्रिटिसिस्म, साइन्स अण्ड पोइट्री, दि वेस्ट लैंण्ड, दि मेकिंग आफ लिटरेचर

28. व्यंजना शब्द-शक्ति का सम्बंध किससे होता है?

(1) मुख्यार्थ (2) वाच्यार्थ

(3) व्यंग्यार्थ (4) लक्ष्यार्थ

29. किस सुधारक ने विधवा पुनर्विवाह को वैद्य कराने का प्रयास किया?

(1) दयानंद सरस्वती (2) राजाराम मोहनराय

(3) ईश्वरचंद विद्यासागर (4) स्वामी विवेकानंद

30. उत्तर आधुनिकता में 'विघटनवाद' का सिद्धान्त किसने दिया?

(1) फेडरिक नीत्शे (2) थॉमस कुह

(3) एडवर्ड सईद (4) जॉक्स डेरिडा

31. इनमें से कौनसा उपन्यास असुर समुदाय के अनवरत जीवन संघर्ष का दस्तावेज है?

(1) मुक्तिपर्व (2) ग्लोबल गाँव के देवता

(3) चॉक (4) मैला आँचल

32. निम्नलिखित दलित आत्मकथाओं का उनके रचनाकारों के साथ सुमेलन कीजिए।

| | |
|---|---|
| a) शिंकजे का दर्द | i) मोहनदास नैमिषराय |
| b) दोहरा अभिशाप | ii) सुशीला टाकभोरे |
| c) जूठन | iii) कौसल्या बैसंत्री |
| d) अपने अपने पिंजरे | iv) ओमप्रकाश वाल्मिकी |

(1) a – ii, b – iii, c – iv, d – i (2) a – i, b – iv, c – ii, d – iii

(3) a – iii, b – iv, c – i, d – ii (4) a – ii, b – iv, c – i, d – iii

33. स्थापना (Assertion) (A) : पूँजीवाद तथा समाजवाद के विस्तार में मनोवैज्ञानिक कारण छिपे हैं।

तर्क (Reason) (R) : क्योंकि मनुष्य के सामूहिक अवचेतन मन में दबी हुई वृत्तियों के सामूहिक उभार उनके विकास कारण है।

(1) (A) गलत (R) गलत (2) (A) गलत (R) सही

(3) (A) सही (R) गलत (4) (A) सही (R) सही

34. निम्नलिखित संस्थाओं का सही कालक्रम कौनसा है?

(1) सत्यशोधक समाज, प्रार्थना समाज, साबरमती आश्रम, देव समाज

(2) प्रार्थना समाज, देव समाज, सत्यशोधक समाज, साबरमती आश्रम

(3) देव समाज, प्रार्थना समाज, साबरमती आश्रम, सत्यशोधक समाज

(4) साबरमती आश्रम, सत्यशोधक समाज, देव समाज, प्रार्थना समाज

35. निम्नलिखित संस्थाओं उनके स्थापना वर्ष के अनुसार सही कालक्रम क्या है?

(1) थियोसॉफीकल सोसाइटी, तत्वबोधिनी समाज, ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज

(2) प्रार्थना समाज, ब्रह्म समाज, थियोसॉफिकल सोसाइटी, तत्वबोधिनी समाज

(3) ब्रह्म समाज, तत्वबोधिनी समाज, प्रार्थना समाज, थियोसॉफिकल सोसाइटी

(4) ब्रह्म समाज, थियोसॉफिकल सोसाइटी, तत्वबोधिनी समाज, प्रार्थना समाज

36. स्थापना (**Assertion**) (**A**): वर्गहीन समाज में वर्णहीन साहित्य की रचना संभव है –
तर्क (**Reason**) (**R**) : साहित्य वर्णवाद की उपज है।

(1) (A) सही (R) सही
(2) (A) सही (R) गलत
(3) (A) गलत (R) गलत
(4) (A) गलत (R) सही

37. निम्नलिखित रचनाओं का उनके रचनाकारों से सुमेलन कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) हम सभ्य औरतें | i) प्रभा खेतान |
| b) स्वागत है बेटी | ii) कुमुद शर्मा |
| c) स्त्री घोस | iii) विद्या देवसरे |
| d) स्त्री पक्ष | iv) मनीषा |

(1) a – iii, b – i, c – ii, d – iv
(2) a – iv, b – i, c – ii, d – iii
(3) a – iv, b – iii, c – ii, d – i
(4) a – ii, b – iv, c – i, d – iii

38. निम्नलिखित चिंतकों को उनके चिंतन के साथ सुमेलित कीजिए –

| चिंतक | चिंतन |
|---|---|
| a) सार्त्र | i) विखंडनवाद |
| b) रोमान याकोब्सन | ii) अस्तित्ववाद |
| c) जूलिया क्रिस्टीवा | iii) रूपवाद |
| d) ज़ाक देरीदा | iv) मनोविश्लेषण शास्त्र |

(1) a – ii, b – iii, c – iv, d – i
(2) a – ii, b – iv, c – iii, d – i
(3) a – iii, b – ii, c – iv, d – i
(4) a – i, b – iii, c – ii, d – iv

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. निराला के संदर्भ में सही तथ्य है –

a) उनके लिए फूल का खिलना संघर्ष की परिणति है।

b) उनकी कल्पना धरती के भीतर पैठकर वनबेला की सुगंध के साथ ऊपर उठती है।

c) निराला की प्रिय ऋतु वसंत बिल्कुल नहीं है।

d) उनकी कविता में विद्रोह का भाव विरल दिखायी देता है।

(1) केवल d सही है।
(2) केवल a और b सही हैं।
(3) केवल a और d सही हैं।
(4) केवल b और c सही हैं।

40. 'आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर' –

किसका कथन है?

(1) जाम्बवान
(2) विभीषण
(3) लक्ष्मण
(4) हनुमान

41. 'अपरूब के बिहि आनि मेराओल खिति-तल लावनि सार' – इसमें क्या वर्णित है?

(1) कृष्ण का सौंदर्य
(2) कृष्ण भक्ति
(3) राधा का सौंदर्य
(4) राधा-कृष्ण का श्रृंगार

42. "लछिमन अरू सीता सहित प्रभुहिं बिलोकति मातु परमानन्द मगन मन पुनि पुनि पुलकित गातु" किस काण्ड की पंक्तियाँ हैं?

(1) अयोध्या काण्ड
(2) उत्तर काण्ड
(3) सुंदर काण्ड
(4) अरण्य काण्ड

43. 'कितनी नावों में कितनी बार' काव्य-संग्रह कब प्रकाशित हुआ?

(1) 1967
(2) 1961
(3) 1970
(4) 1978

44. रचनाकाल के अनुसार रचनाओं का सही अनुक्रम है –

(1) सत्यवती कथा, पद्मावत, मधुमालती, चित्रावली

(2) सत्यवती कथा, पद्मावत, चित्रावली, मधुमालती

(3) पद्मावत, सत्यवती कथा, मधुमालती, चित्रावली

(4) पद्मावत, सत्यवती कथा, चित्रावली, मधुमालती

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) वल्लभाचार्य | i) विशिष्टाद्वैतवाद |
| b) रामानुजाचार्य | ii) शुद्धाद्वैतवाद |
| c) निम्बाकाचार्य | iii) द्वैतवाद |
| d) मध्वाचार्य | iv) द्वैताद्वैतवाद |

कूटः

(1) a – ii, b – i, c – iv, d – iii
(2) a – ii, b – i, c – iii, d – iv
(3) a – ii, b – iv, c – i, d – iii
(4) a – ii, b – iii, c – i, d – iv

46. सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) नहीं ठिकाना कालिदास के व्योमप्रवाही गंगाजल का | i) कालिदास |
| b) वर्षाऋहतु की स्निग्ध भूमिका प्रथम दिवस आषाढ़ मास का | ii) खुरदुरे पैर |
| c) नाप रहे थे धरती का अनहद फासला | iii) शासन की बंदूक |
| d) जली ठूँठ पर बैठकर गई कोकिला कूक | iv) बादल को घिरते देखा है |

कूटः

(1) a – iv, b – i, c – iii, d – ii
(2) a – i, b – iv, c – iii, d – ii
(3) a – i, b – iv, c – ii, d – iii
(4) a – iv, b – i, c – ii, d – iii

47. स्थापना **(Assertion) (A) :** प्रयोगवादी कवि नये मार्ग का अनुसंधान करने के लिए व्याकुल हैं।
तर्क **(Reason) (R) :** प्रयोग सत्य को जानने का साधन है और साध्य भी।

(1) (A) सही (R) सही
(2) (A) सही (R) गलत
(3) (A) गलत (R) गलत
(4) (A) गलत (R) सही

48. इनमें से कौन–सा उपन्यास अमृतलाल नागर का नहीं है?

(1) धरती धन न अपना
(2) करवट
(3) अग्निगर्भा
(4) सुहाग के नूपुर

49. 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास के नायक शेखर का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

(1) भ्रष्टाचार पर प्रहार
(2) प्रदर्शनकारी जीवन
(3) व्यक्तिगत स्वतंत्रता की खोज
(4) अध्यात्मिक संतुलन

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. निम्नलिखित में कौनसा जीवनीकारक उपन्यास है?

(1) खंजन नयन
(2) सेवासदन
(3) राग दरबारी
(4) जिंदगी नामा

51. "हमें तो बस इहे चाहित रही कि ई ग्राम के लोग सुखी रहे" – मैला आंचल का यह संवाद डॉक्टर प्रशांत द्वारा किस अवसर पर कहा गया है?

(1) गाँव में क्लिनिक खोलते समय
(2) मरीज के मरने पर
(3) गाँव छोडने से पहले
(4) फूलिया से विदा लेते समय

52. प्रेमचंद के उपन्यासों का सही क्रम है –

(1) प्रेमाश्रय, रंगभूमि, गोदान, सेवासदन
(2) सेवासदन, प्रेमाश्रय, रंगभूमि, गोदान
(3) गोदान, प्रेमाश्रय, सेवासदन, रंगभूमि
(4) रंगभूमि, गोदान, प्रेमाश्रय, सेवासदन

53. निम्नलिखित उपन्यासों का सही क्रम बताईए –

(1) जिंदगी नामा, रागदरबारी, मैला आंचल, झूठा सच
(2) रागदरबारी, झूठा सच, मैला आंचल, जिंदगी नामा
(3) झूठा सच, रागदरबारी, मैला आंचल, जिंदगी नामा
(4) मैला आंचल, झूठा सच, रागदरबारी, जिंदगी नामा

54. निम्नलिखित पात्रों को प्रेमचंद के उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए –

| **पात्र** | **रचना** |
|---|---|
| a) जालपा | i) कर्मभूमि |
| b) कृष्णचंद्र | ii) रुबन |
| c) झिंगुरीसिंह | iii) गोदान |
| d) अमरकांत | iv) सेवासदन |

कूटः

(1) a – iii, b – i, c – ii, d – iv
(2) a – ii, b – iii, c – iv, d – i
(3) a – iii, b – i, c – iv, d – ii
(4) a – ii, b – iv, c – iii, d – i

55. निम्नलिखित पात्रों का उनसे संबंधित उपन्यासों के साथ सुमेलन कीजिए ।

| पात्र | रचना |
|---|---|
| a) प्रियंवदा | i) शेखर एक जीवनी |
| b) लीजा | ii) तमस |
| c) सरस्वती | iii) मानस का हँस |
| d) रत्नावली | iv) परीक्षा गुरु |

(1) a – iv, b – ii, c – i, d – iii

(2) a – iii, b – iv, c – i, d – ii

(3) a – i, b – iii, c – ii, d – iv

(4) a – iii, b – ii, c – iv, d – i

56. 'मानस का हंस' से संबंधित निम्नलिखित तथ्यों में से सही तथ्यों का चयन कीजिए।

a) 'मानस का हंस' लिखने का विचार अमृतलाल नागर जी को महेश कौल के साथ बात करते हुए आया था।

b) उपन्यास में तुलसी के जन्म स्थान के रूप में राजापुर को चित्रित किया है।

c) अमृतलाल नागर ने 'मानस का हंस' अपनी विशिष्ट मसनवी शैली में प्रस्तुत किया है।

d) इस उपन्यास को लिखने से पहले अमृतलाल नागर जी ने 'कवितावली' को खास तौर पर पढ़ा है।

(1) केवल a और c सही है

(2) केवल b और d सही है

(3) केवल a और b सही है

(4) केवल c और d सही है

57. 'नदी के द्वीप' उपन्यास के संबंध में सही तथ्य है –

a) इसमें प्रेम की अवधारणा को नई सोच देने का प्रयास किया गया है।

b) इसकी नामिका में संवेदनशीलता की कमी दिखाई देती है।

c) इसमें पात्रों का विकास चरित्र का नहीं बल्कि संवेदना का ही है।

d) इसमें व्यक्ति स्वतंत्रता की कमी है।

(1) केवल a और c सही है

(2) केवल c और d सही है

(3) केवल b और d सही है

(4) केवल a और b सही है

www.prepp.in



58. निम्नलिखित कहानियों को कहानी में आये स्थान (प्रदेश) के साथ सुमेलित कीजिए -

| **कहानी** | **स्थान (प्रदेश)** |
|---|---|
| a) दुलाईवाली | i) मीनोसवाद |
| b) उसने कहा था | ii) ननपुर |
| c) दुनिया का सबसे अनमोल रतन | iii) मुगलसराय |
| d) तीसरी कसम | iv) अमृतसर |

(1) a – iii, b – iv, c – i, d – ii
(2) a – iv, b – ii, c – i, d – iii
(3) a – ii, b – i, c – iv, d – iii
(4) a – i, b – iii, c – ii, d – iv

59. 'नहीं जी! एक रात नौटंकी देखकर जिंदगी भर बोली – ठोली कौन सुने?...... देसी मुर्गी विलायती चाल'! प्रस्तुत विचारों को किसने कहा है –

(1) लछमा
(2) देवा
(3) जगपती
(4) हिरामन

60. स्थापना (A) और तर्क (R) को पढ़कर नीचे दिए गये संकेतों के सहाय से सही उत्तर लिखिए।

स्थापना (Assertion) (A) : एक सच्चे देशप्रेमी और देशभक्त ने देशभक्ति का हक अदा कर दिया।

तर्क (Reason) (R) : क्योंकि सभी देशभक्त होते है।

(1) (A) और (R) दोनों गलत
(2) (A) और (R) दोनों सही
(3) (A) सही (R) गलत
(4) (A) गलत (R) सही

61. निम्नलिखित कहानी एवं स्त्री-पात्रों को सुमेलित कीजिए –

| **कहानी** | **स्त्री-पात्र** |
|---|---|
| a) कानों में कंगना | i) चंपिया |
| b) गैंग्रीन | ii) शाहनी |
| c) लालपान की बेगम | iii) मालती |
| d) सिक्का बदल गया | iv) किरन |

(1) a – i, b – iv, c – iii, d – ii
(2) a – ii, b – iii, c – iv, d – i
(3) a – iv, b – ii, c – iii, d – i
(4) a – iv, b – iii, c – i, d – ii

62. 'एक टोकरी भर मिट्टी' का प्रतिपाद्य है –

(1) मार्क्सवादी चिंतन
(2) मनोविश्लेषणवादी चिंतन
(3) आदर्शवादी चिंतन
(4) प्रगतिवादी चिंतन

Prepp
Your Personal Exams Guide

63. प्रकाशन काल की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम है –

(1) दुलाईवाली, एक टोकरी भर मिट्टी, उसने कहा था, चीफ की दावत

(2) एक टोकरी भर मिट्टी, दुलाईवाली, उसने कहा था, चीफ की दावत

(3) एक टोकरी भर मिट्टी, उसने कहा था, चीफ की दावत, दुलाईवाली

(4) दुलाईवाली, उसने कहा था, एक टोकरी भर मिट्टी, चीफ की दावत

64. 'कोसी का घटवार' कहानी की केंद्रीय संवेदना है –

(1) नारी संघर्ष
(2) राजनैतिक चेतना
(3) पुरुष प्रधानता
(4) नदी का चित्रण

65. प्रकाशन वर्ष के आधार पर कहानियों का सही अनुक्रम है –

(1) तीसरी कसम, परिंदे, सिक्का बदल गया, पिता

(2) सिक्का बदल गया, तीसरी कसम, परिंदे, पिता

(3) परिंदे, पिता, तीसरी कसम, सिक्का बदल गया

(4) पिता, सिक्का बदल गया, परिंदे, तीसरी कसम

66. 'हरा होने से क्या, उखर तो गया है। न फूल का, न फल का। अब कैसे इसमें फल-फूल आएंगे, चार दिन में पत्ती झुरा जाएंगी'। प्रस्तुत विचार किस कहानी का है –

(1) राजा निरबंसिया
(2) पिता
(3) गैंग्रीन
(4) कोसी का घटवार

67. 'अंजोदीदी' नाटक में अंजो-विरोधी चरित्र कौन सा है?

(1) नीरज
(2) श्रीपत
(3) अनिमा
(4) इन्द्रनारायण

68. 'अरे, यह क्या, मेरे भाग्य विधाता, यह कैसा इन्द्रजाल? उस दिन राजपुरोहित ने कुछ आहुतियों के बाद मुझे जो आशीर्वाद दिया था, क्या वह अभिशाप था?' – किस नाटक का संवाद है?

(1) चन्द्रगुप्त
(2) ध्रुवस्वामिनी
(3) स्कन्दगुप्त
(4) बकरी

Prepp
Your Personal Exams Guide



69. 'अश्क' के नाटकों से संबंधित कौन सा तथ्य सही है?

a) उन्होंने अपने सभी प्रधान नाटकों में नारी को ही महत्व दिया है।

b) मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग के सामाजिक जीवन की समस्या 'विवाह और प्रेम' का चित्रण किया है।

c) उच्च मध्यवर्ग के कुछ खोखले आभिजात्य संस्कारों को ओढ़े जीवन की यांत्रिकता से विलग हैं।

d) वे किसी वाद-विशेष से अपने को जोड़ने में अक्षम रहे हैं।

(1) केवल d सही है
(2) केवल b और c सही हैं
(3) केवल c और d सही हैं
(4) केवल a और b सही हैं

70. शंकर शेष के नाटकों से संबद्ध कौन सा तथ्य सही है?

a) वे विसंगतिबोध से जुड़े नाटककार माने जाते हैं।

b) उनके अधिकांश नाटक लघु नाटकों की श्रेणी में आते हैं।

c) उन्होंने विसंगतियों के बीच जीने के लिए विवश आदमी की त्रासदी का मूर्त चित्रण किया है।

d) उनके सभी नाटक 1981-85 के बीच प्रकाशित हुए हैं।

(1) केवल c और d सही हैं।
(2) केवल a, b और c सही हैं।
(3) केवल d सही है।
(4) केवल a और c सही हैं।

71. 'डॉ. लाल नाट्य कौशलों से पूरी तरह परिचित हैं, लेकिन प्रयोग के उत्साह में उनका सम्यक् आयोजन नहीं कर पाते हैं' - किसका कथन है?

(1) डॉ. बच्चन सिंह
(2) डॉ. नामवर सिंह
(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(4) महावीरप्रसाद द्विवेदी

72. प्रकाशन वर्ष के आधार पर लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों का सहीक्रम है -

(1) तीन आँखोंवाली मछली, अंधा कुआँ, एक सत्य हरिश्चन्द्र, सूर्यमुख
(2) एक सत्य हरिश्चन्द्र, सूर्यमुख, अंधा कुआँ, तीन आँखोंवाली मछली
(3) सूर्यमुख, अंधा कुआँ, तीन आँखोंवाली मछली, एक सत्य हरिश्चन्द्र
(4) अंधा कुआँ, तीन आँखोंवाली मछली, सूर्यमुख, एक सत्य हरिश्चन्द्र

73. उपेन्द्रनाथ अश्क के नाटकों का प्रकाशन वर्ष के आधार पर सही क्रम है -

(1) भँवर, छठा बेटा, स्वर्ग की झलक, लौटता हुआ दिन
(2) स्वर्ग की झलक, छठा बेटा, भँवर, लौटता हुआ दिन
(3) छठा बेटा, भँवर, लौटता हुआ दिन, स्वर्ग की झलक
(4) लौटता हुआ दिन, भँवर, स्वर्ग की झलक, छठा बेटा

Prepp
Your Personal Exams Guide

74. पात्र एवं नाटकों का सुमेलन कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) शर्वनाग | i) आगरा बाज़ार |
| b) चाचा | ii) भारत-दुर्दशा |
| c) एडिटर | iii) स्कन्दगुप्त |
| d) गंगाप्रसाद | iv) बकरी |

(1) a – ii, b – i, c – iv, d – iii
(2) a – iii, b – ii, c – i, d – iv
(3) a – iv, b – ii, c – iii, d – i
(4) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

75. इन पंक्तियों को नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) हम मानेंगे तो लोग भी मानेंगे। अपना मन चंगा तो कठौती में गंगा। | i) आधे-अधूरे |
| b) विपत्तियों के बादल घिर रहे हैं, अंतर्विरोध की ज्वाला प्रज्वलित है। | ii) अंजो दीदी |
| c) साथी मुसाफिर थे, पर मेरे लिए उनका अस्तित्व नहीं के बराबर था। | iii) स्कन्दगुप्त |
| d) वह डर एक दहशत में बदल गया जिस दिन तुम्हें एक बहुत बड़ा झटका खाना पड़ा। | iv) बकरी |

(1) a – iv, b – iii, c – ii, d – i
(2) a – iii, b – iv, c – i, d – ii
(3) a – ii, b – i, c – iv, d – iii
(4) a – i, b – iii, c – ii, d – iv

76. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के समालोचनात्मक लेख चिन्तामणि के किस खण्ड में संकलित है?

(1) चिन्तामणि – I
(2) चिन्तामणि – II
(3) चिन्तामणि – III
(4) चिन्तामणि – IV

77. इनमें कौन ललित निबंधकार नहीं है?

(1) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
(2) विद्यानिवास मिश्र
(3) हरिशंकर परसाई
(4) कुबेरनाथ राय

78. 'विषादयोग' किसका निबंध संकलन है?

(1) अध्यापक पूर्णसिंह
(2) कुबेरनाथ राय
(3) बालकृष्ण भट्ट
(4) विद्यनिवास मिश्र

79. किस निबंध में विकास की प्रक्रिया का और मनुष्यता तथा पशुता के संघर्ष को प्रस्तुत किया गया है?

(1) श्रद्धा भक्ति
(2) नाखून क्यों बढ़ते है
(3) समाज और व्यक्ति
(4) मनुष्य और जानवर

Prepp
Your Personal Exams Guide

80. इनमें कौन व्यंग्य निबंधकार नहीं है?

(1) शंकर पुणतांबेकर
(2) हरिशंकर परसाई
(3) शरद जोशी
(4) अध्यापक पूर्णसिंह

81. निबंधकारों के साथ उनके निबंध संकलनों को सुमेलित कीजिए।

a) कुबेरनाथ राय — i) तुम चन्दन हम पानी
b) नामवर सिंह — ii) उठ जाग मुसाफिर
c) विद्यानिवास मिश्र — iii) साहित्य सुमन
d) बालकृष्ण भट्ट — iv) आलोचना और संवाद

(1) a – i, b – ii, c – iii, d – iv
(2) a – ii, b – iv, c – i, d – iii
(3) a – ii, b – iii, c – iv, d – i
(4) a – iii, b – ii, c – iv, d – i

82. कालक्रम के अनुसार विद्यानिवास मिश्र के निबंध संकलनों का सही क्रम है –

(1) परम्परा बंधन नहीं, कदम की फूली डाल, तुम चंदन हम पानी, निज मुख मुकुट
(2) तुम चंदन हम पानी, निज मुख मुकुट, कदम की फूली डाल, परम्परा बंधन नहीं
(3) निज मुख मुकुट, परम्परा बंधन नहीं, तुम चंदन हम पानी, कदम की फूली डाल
(4) कदम की फूली डाल, तुम चंदन हम पानी, परम्परा बंधन नहीं, निज मुख मुकुट

83. कालक्रम के अनुसार निबंधसंकलनों के उनके प्रकाशन वर्ष से सुमेलित कीजिए –

a) चिंतामणि — i) 1948
b) कुबेरनाथ के प्रतिनिधि निबंध — ii) 1939
c) अशोक के फूल — iii) 1991
d) तुम चन्दन हम पानी — iv) 1957

(1) a – ii, b – iii, c – i, d – iv
(2) a – i, b – iii, c – ii, d – iv
(3) a – iv, b – iii, c – ii, d – i
(4) a – i, b – ii, c – iii, d – iv

Prepp
Your Personal Exams Guide

84. स्थापना (A) और तर्क (R) को पढ़कर नीचे दिए गये संकेतों के सहाय से सही उत्तर लिखिए।
स्थापना (Assertion) (A) : साहित्य को केवल मनोरंजन और विलासिता की वस्तु नहीं समझना चाहिए।
तर्क (Reason) (R) : क्योंकि ऐसा साहित्य उच्च चिन्तन और स्वाधीनता के भाव से परिपूर्ण है।
(1) (A) गलत (R) सही
(2) (A) सही (R) गलत
(3) (A) सही (R) सही
(4) (A) गलत (R) गलत

85. स्थापना (A) और तर्क (R) को पढ़कर नीचे दिए गये संकेतों के सहाय से सही उत्तर लिखिए।
स्थापना (Assertion) (A) : सुख और दुःख मन के दो विकल्प हैं।
तर्क (Reason) (R) : सुखी वह है जिसका मन वश में है और दुःखी वह है जिसका मन परवश है।
(1) (A) गलत (R) गलत
(2) (A) सही (R) गलत
(3) (A) गलत (R) सही
(4) (A) सही (R) सही

86. भागलपुर आने पर शरत् को कौन से स्कूल में भर्ती कराया गया?
(1) जयपुरिया स्कूल
(2) संस्कृति स्कूल
(3) दुर्गाचरण एम.ई. स्कूल
(4) सेंट जोसेफ स्कूल

87. 'अस्तित्ववादी दर्शन' का प्रमुख सिद्धान्त कौनसा है?
(1) वर्ग संघर्ष
(2) ईश्वर पर निर्भरता
(3) भक्ति चिंता
(4) भौतिकता

88. कृतियों को प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) मुर्दहिया | i) 1944 |
| b) ठकुरी बाबा | ii) 2010 |
| c) आवारा मसीहा | iii) 1943 |
| d) प्रेमचन्द घर में | iv) 1974 |

(1) a – iv, b – iii, c – i, d – ii
(2) a – ii, b – iv, c – iii, d – i
(3) a – ii, b – iii, c – iv, d – i
(4) a – iii, b – i, c – ii, d – iv

89. 'तुमने संकोच के साथ प्रश्न किया है – बहुत लोग कहते हैं कि आपने 'शेष प्रश्न' में एक विशेष मतवाद का प्रचार करने की चेष्टा की है। क्या यह सत्य है?' – किस रचना से उद्धृत है?
(1) मुर्दहिया
(2) ठकुरी बाबा
(3) माटी की मूरतें
(4) आवारा मसीहा

90. 'मुर्दहिया' में निम्नलिखित उपशीर्षकों को पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

(1) भूतही पारिवारिक पृष्ठभूमि; मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन; अकाल में अंधविश्वास; चल बुद्ध की राह

(2) मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन; भूतही पारिवारिक पृष्ठभूमि; चल बुद्ध की राह; अकाल में अंधविश्वास

(3) अकाल में अंधविश्वास; चल बुद्ध की राह; मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन; भूतही पारिवारिक पृष्ठभूमि

(4) चल बुद्ध की राह; अकाल में अंधविश्वास; भूतही पारिवारिक पृष्ठभूमि; मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन

91. पात्र और कृतियों का सुमेलन कीजिए –

| | |
|---|---|
| a) परशुराम सिंह | i) माटी की मूरतें |
| b) सहुआइन | ii) एक कहानी यह भी |
| c) डाक्टर अंबालाल | iii) ठकुरी बाबा |
| d) बलदेव सिंह | iv) मुर्दहिया |

(1) a – iv, b – ii, c – i, d – iii

(2) a – iv, b – iii, c – ii, d – i

(3) a – i, b – ii, c – iv, d – iii

(4) a – ii, b – i, c – iii, d – iv

92. महादेवी वर्मा को उनके बाबा क्या बनाना चाहते थे?

(1) निबंधकार
(2) कवि
(3) विदुषी
(4) उपन्यासकार

93. रामवृक्ष बेनीपुरी को निम्नलिखित रचनाओं का पहले से बाद के क्रम में सही अनुक्रम दीजिए।

(1) माटी की मूरतें, गेहूँ और गुलाब, पैरों में पंखे बांधकर, उडते चलो उडते चलो

(2) गेहूँ और गुलाब, उडते चलो उडते चलो, माटी की मूरतें, पैरों में पंखे बांधकर

(3) पैरों में पंखे बांधकर, माटी की मूरतें, उडते चलो उडते चलो, गेहूँ और गुलाब

(4) उडते चलो उडते चलो, गेहूँ और गुलाब, पैरों में पंखे बांधकर, माटी की मूरतें

94. 'एक कहानी यह भी' की लेखिका किस हीन भावना से ग्रस्त थी?

(1) पढ़ने में कमज़ोर होने से

(2) कमज़ोर और काली होने से

(3) बेहद डरपोक होने से

(4) अत्यंत निर्भीक होने से

95. स्थापना (A) और तर्क (R) को पढ़कर नीचे दिए गये संकेतों के सहाय से सही उत्तर लिखिए।

स्थापना (Assertion) (A) : आत्मकथाएँ आमतौर पर बहुत व्यक्तिगत होती हैं।

तर्क (Reason) (R) : क्योंकि लेखक उन घटनाओं से जुडा होता है जिनके बारे में वह लिखा गया होता है।

(1) (A) सही (R) सही

(2) (A) गलत (R) गलत

(3) (A) सही (R) गलत

(4) (A) गलत (R) सही

★ निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़े और प्रश्नों (96-100) का उत्तर दें।

मनुष्य की चेष्टाओं और कर्म कलाप से भावों का मूल संबंध निरूपित हो चुका है और यह भी दिखाया जा चुका है कि कविता इन भावों या मनोविकारों के क्षेत्र में विस्तृत करती हुई उनका प्रसार करती है। पशुत्व से मनुष्यत्व में जिस प्रकार अधिक ज्ञान-प्रसार की विशेषता है उसी प्रकार अधिक भाव प्रसार की भी। पशुओं के प्रेम की पहुँच प्रायः अपने जोड़े, बच्चों या खिलाने-पिलानेवालों तक ही होती है। इसी प्रकार उनका क्रोध भी अपने सतानेवालों तक ही जाता है, स्ववर्ग या पशु मात्र को सतानेवालों तक नहीं पहुँचता। पर मनुष्य में ज्ञान-प्रसार के साथ ज्ञान-प्रसार भी क्रमशः बढ़ता गया है। अपने परिजनों, अपने संबंधियों, अपने पडोसियों, अपने देशवासियों क्या मनुष्य मात्र और प्राणि मात्र तक से प्रेम करने भर की जगह उसके हृदय में बन गयी है। मनुष्य की त्योरी मनुष्य को ही सतानेवाले पर नहीं चढ़ती, गाय-बैल और कुत्तों-बिल्ली को सतानेवाले पर भी चढ़ती है। पशु की वेदना देखकर भी उसके नेत्र सजल होते हैं। बंदर को शायद बंदरिया के मुँह में ही सौंदर्य दिखाई पडता होगा; पर मनुष्य पशु-पक्षी, फूल-पत्तों और रेत-पत्थर में भी सौंदर्य पाकर मुग्ध होता है। इस हृदय-प्रसार का स्मारक स्तंभ काव्य है जिसकी उत्तेजना से हमारे जीवन में एक नया जीवन आ जाता है। हम सृष्टि के सौंदर्य को देखकर रसमग्न होने लगते हैं, कोई निष्ठुर कार्य हमें असह्य होने लगता है, हमें जान पडता है कि हमारा जीवन कई गुना बढ़कर सारे संसार में व्याप्त हो गया है।

96. मनुष्य के सौंदर्य संबंधी हृदय प्रसार का स्मारक स्तंभ क्या है?

(1) प्रेम

(2) उत्तेजना

(3) सौंदर्य बोध

(4) काव्य

97. पशुओं के भाव प्रसार की दुनिया कहाँ तक फैली नहीं है?

(1) बच्चों तक

(2) जोडे तक

(3) सभी प्राणियों तक

(4) खिलानेवालों तक

www.prepp.in



98. उक्त अवतरण के अनुसार कौन सा वाक्य सही नहीं है?

(1) मनुष्य सृष्टि के सौंदर्य में रसमग्न होते हैं

(2) मनुष्य को निष्ठुर कार्य भी सहनीय लगता है

(3) बंदर को बंदरिया के मुँह में सौंदर्य दिखेगा

(4) अपने को सतानेवालों तक पशु का क्रोध रहेगा

99. सृष्टि सौंदर्य को देखकर रसमग्न होने पर किसका महत्व सारे संसार में फैल जाता है?

(1) मानवीय जीवन का

(2) प्रकृति सौंदर्य का

(3) पशुओं के प्रेम का

(4) सृष्टि सौंदर्य का

100. मनुष्य की चेष्टाओं और कर्म कलाप से भावों का मूल संबंध निरूपित होना मोटे तौर पर किससे संबंधित है?

(1) मनुष्यता की उच्चभूमि से

(2) मनुष्य की चेष्टाओं से

(3) मनुष्य की वेदना से

(4) मनुष्य के क्रोध से

---

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SPACE FOR ROUGH WORK